नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

तबादले रोकने पर मुख्यमंत्री हुए नाराज

- सीएम ने दिखाई सख्ती, जारी किया अल्टीमेटम
- पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 3 जुलाई. प्रदेश में अफसरशाही किस हद तक हावी है, इसका अंदाजा इस बात से ही चलता है कि यदि प्रदेश के मुख्यमंत्री किसी नोटशीट पर ए प्लस रिमार्क करे, उसके बाद भी उस नोटशीट पर कोई कार्यवाही नहीं होती और ये पोर्टल पर ही डंप रहते हैं.

यहां तक कि तबादलों के ए प्लस मामलों में भी कई विभागों ने कोई कार्यवाही नहीं की, इस रवैये पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और शुक्रवार रात 8 बजे तक ही सभी ए प्लस के तबादले करने का अल्टीमेटम दे दिया. उसके बाद आनन-फानन में विभागों ने ए प्लस नोटशीट वाले तबादलों के लिए सक्रिय हुए.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय में पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की. इस दौरान पाया गया कि बड़ी संख्या में ए प्लस की नोटशीट जिसमें तबादलों की सिफारिश की गई थी, वे विभागों में लंबित पड़े हैं. बैठक में सीएम ने कहा कि ए प्लस का मतलब ही ए प्लस होता है, जिसे हटाना है हटाओ, जिसे नहीं हटाना है तो फिर मत हटाओ, लेकिन कारण बताओ, ऐसे प्रकरणों के निराकरण में हीलाहवाली नहीं करें. उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर किसी फाइल पर ए प्लस नहीं लिखा जाता, लेकिन यदि किसी मामले में ए प्लस की नोटशीट पर टीप लिखी गई है तो फिर उस पर तत्काल कार्रवाई होना चाहिए. सीएम ने अफसरों की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि जब ए प्लस वाले मामलों का ये हाल है तो फिर बाकी मामलों का क्या हाल होगा, कल्पना किया जा सकता है. मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को याद दिलाया कि प्रदेश में अब 20 मई को तबादला नीति लागू की गई थी, तब ही ये कैबिनेट में ये फैसला लिया गया था कि ए प्लस मॉनिट के लंबित मामलों 31 मई तक निराकरण कर एक जून तक आदेश जारी कर दिए जाएं, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी कई विभागों ने ऐसा नहीं किया, ये गंभीर लापरवाही है. सीएम ने शुक्रवार रात तक ए प्लस वाले सभी मामलों में निर्णय लेकर आदेश जारी करने के निर्देश अफसरों को दिए. बताया गया कि जिन विभागों के सबसे ज्यादा ए प्लस वाले मामले लंबित हैं.

किसानों के लिए ई-पासबुक सुविधा इसी माह से

भोपाल. मप्र के किसानों के लिए ऑनलाईन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और किसानों के लिए ई-पासबुक सुविधा का शुभारंभ जुलाई माह में ही किया जाएगा. यह जानकारी शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दी गई. मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में कृषक कल्याण वर्ष के तहत अब तक हुए कार्यक्रमों की मंत्रालय में समीक्षा की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार का कर्तव्य है. खेती की लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता पर लिया जाना आवश्यक है. इसी उद्देश्य से वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है. कृषकों के हित संवर्धन के लिए लागू कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए.

सीएम से मिला जर्मनी का प्रतिनिधिमंडल

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को जर्मनी के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की. प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग ब?ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई. प्रतिनिधिमंडल में जर्मनी के केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी बोर्ड की सदस्या एवं बैंक की सीईओ सुश्री क्रिस्टियाने लाईबेक, कंट्री डायरेक्टर वूल्फन मूथ, जर्मन दूतावास के प्रतिनिधि गॉटफ्रीड वॉन और अन्य सदस्य, प्रबंध संचालक मप्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड चंद्रमौली शुक्ला, विशेष गढ़पाले सहित केन्द्र सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे. मुख्यनमंत्री डॉ. यादव ने भारत एवं जर्मनी के बीच दशकों पुरानी मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भाईयों की तरह हैं. इनमें आपसी साझेदारी को और अधिक प्रबल बनाने में मप्र बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है. सरकार जर्मनी के उद्योगपतियों और निवेशकों से लगातार सम्पर्क में है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऊर्जा क्षेत्र में केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक के सहयोग की सराहना करते हुए आशा जताई कि हमारी साझेदारी दिन-ब-दिन और भी सुदृढ़ होगी. जर्मनी के सहयोग से हमारा मध्ययप्रदेश एक ऊर्जा दक्ष हरित और समृद्ध राज्य बनेगा. केएफडब्ल्यू बैंक के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया गया कि एनर्जी रिफार्म प्रोग्राम अन्तर्गत वितरण कंपनियों में स्मार्ट मीटर की स्थापना एवं फीडर विभक्तिकरण कार्य के लिए लगभग 1120 करोड़ रूपये का वित्त पोषण किया जा रहा है. बैंक द्वारा इस साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए एनर्जी रिफार्म फेज-2 के तहत प्रदेश में विद्युत वितरण अधोसंरचना निर्माण तथा सौर घंटों में कृषि फीडरों की आपूर्ति के लिये अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों के लिए लगभग 200 मिलियन यूरो के वित्तीय सहयोग पर भी रूचि दिखाई है.

उज्जैन में आई आफत की बारिश

- नदी के घाट डूबे, सुरक्षा का बनाया घेरा
- रेस्क्यू टीम ने फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला

नवभारत न्यूज़

उज्जैन. मानसून की शुरुआती बारिश ने ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हुई बारिश के साथ बाहरी क्षेत्रों से आए पानी के कारण शिप्रा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है।

नदी-नाले उफान पर हैं और रामघाट सहित कई घाटों पर स्थित छोटे-बड़े मंदिर जलमग्न हो गए हैं। एक व्यक्ति के बह जाने के समाचार हैं । गुरुवार रात से शुरू हुई बारिश का असर शुक्रवार को पूरे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दिया। जहां एक ओर मौसम सुहाना होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश राहत और उम्मीद लेकर आई है। हालांकि, भारी बारिश के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई और जनजीवन प्रभावित हुआ।

बाइक सहित बह गए सचिव

सबसे दुखद घटना बड़नगर रोड क्षेत्र में सामने आई, जहां ग्राम पंचायत गांवड़ी लोढ़ा के सहायक सचिव सूर्य प्रताप सिंह सोनगरा उफनते पानी में अपनी मोटरसाइकिल सहित बह गए।

नेहरू ने जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का षड़यंत्र किया था : डॉ. सिंह

ग्वालियर. भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने धारा 370 लगाकर जम्मू-कश्मीर को अलग करने का षड़यंत्र किया था. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं. जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है. भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा, दूरदर्शी राष्ट्रनायक डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है.

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त इंदौर में आज

नव भारत न्यूज

इंदौर, 3 जून. देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज इंदौर आ रहे है। वे शाम 4 बजे लता मंगेशकर सभागृह में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की बैठक में शामिल होंगे.



इस दौरान वे अलग अलग विधानसभा के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ से चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे. दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी करेंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय दौरे पर आज इंदौर आ रहे हैं. चुनाव आयुक्त करीब 1 बजे इंदौर पहुंचेंगे। इसके बाद रेसिडेंसी पर दोपहर का भोजन लेकर 3.30 बजे राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में बूथ लेवल अधिकारियों और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से चुनाव ओर आगामी चुनावों को लेकर समस्या ओर समाधान पर चर्चा करेंगे.

मॉब लिंचिंग फैसले पर धमकी से हाईकोर्ट सख्त

नर्मदापुरम, 3 जुलाई . सिवनी मालवा के चर्चित मॉब लिंचिंग मामले में 14 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने वाली अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) तबस्सुम खान को मिली धमकियों पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है. अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस महानिदेशक (छ्तक्क) और अपर मुख्य सचिव (गृह) से तीन दिन के भीतर हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए हैं. मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी.

जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने कहा कि किसी न्यायिक अधिकारी को उसके न्यायिक फैसले के कारण धमकाना कानून के शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है. अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे कृत्यों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता.उल्लेखनीय है कि 12 जून को एडीजे तबस्सुम खान ने सिवनी मालवा के बहुचर्चित मॉब लिंचिंग प्रकरण में 14 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. फैसले के बाद सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए, जिनमें कथित तौर पर दोषियों के समर्थकों ने 10 दिनों के भीतर रिहाई नहीं होने पर प्रदेश और देश में हिंसा फैलाने तथा कत्लेआम की धमकी दी थी.

इन वीडियो के सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है. अदालत ने न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मामले में की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा भी मांगा है.

चंबल किनारे 9 .90 लाख की रेत पर चला बुलडोजर

पुलिस विभाग ने की 450 ट्रॉली अवैध रेत नष्ट

मुरैना, 3 जुलाई . सराय छोला थाना क्षेत्र में चंबल नदी की अवैध रेत के भंडारण पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बडी कार्रवाई की. पुलिस, वन विभाग और एसएएफ की टीम ने करीब 450 ट्रॉली अवैध रेत को नष्ट कर दिया.

जब्त रेत की कीमत 9.90 लाख रुपए बताई गई है. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद जिले में अवैध उत्खनन और भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. जिला प्रशासन को सराय छोला थाना क्षेत्र के कैमरा और गयापुरा गांव में अवैध रेत भंडारण की सूचना मिली थी. इसके बाद पुलिस, वन विभाग और एसएएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची. कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी और तीन लोडर की मदद से अवैध रेत के भंडारण को नष्ट किया गया. करीब 450 ट्रॉली रेत नष्ट की गई जिसकी बाजार कीमत लगभग 9 लाख 90 हजार रुपए है.

मरीज और भाजपा नेता पर मामला दर्ज

बीएमसी मे डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से छेड़छाड़ की शिकायत पर एफआईआर

सागर 3 जुलाई. मध्य प्रदेश के सागर जिला मुख्यालय पर स्थित बुंदेलखंड शासकीय मेडिकल कॉलेज मे डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के साथ छेडछाड़ और जान से मारने की धमकी की शिकायत के बाद पुलिस ने मरीज और भाजपा नेता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे ले लिया है.

पुलिस कार्रवाई मे विलंब के चलते आज शुक्रवार की सुबह बीएमसी के डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ओपीडी छोड़कर मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गये और लगभग तीन घंटे तक कामबंद रखकर धरने पर बैठे रहे. नर्सिंग स्टाफ के अनुसार डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के साथ बैड टच किया गया. जिसको लेकर तत्काल अधीक्षक और गोपालगंज पुलिस को सूचना दी गई . मौके पर भी पुलिस ने पहुंचकर पूछताछ की गई मगर कार्रवाई करे बगैर औपचारिकता कर वापस चले गए. आज शुक्रवार की सुबह डॉक्टरो के संगठन जूडा के बैनर तले बीएमसी स्टाफ गेट पर एकत्रित हुए और आरोपियो पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए. लगभग तीन घंटे बाद पुलिस अधिकारियो और संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियो के नामजद छेडछाड का मामला दर्ज किया. जूडा के जिला अध्यक्ष व्योमकेश तिवारी ने बताया कि अस्पताल की सुरक्षाकर्मियो की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है. जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. अस्पताल परिसर मे स्टाफ की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी की स्थापना कर आरक्षक तैनात किए जाये.

> मिली जानकारी के अनुसार कल गुरुवार की रात मे रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान आपातकालीन चिकित्सा विभाग के कैजुअल्टी ओपीडी मे कार्यरत एक रेजीडेंट महिला चिकित्सक के साथ बैड टच किया गया . पुलिस के अनुसार पीपरा गांव से लक्ष्मी तिवारी को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे और तत्काल उपचार के लिए डॉक्टर पर दवाब बनाने लगे . मरीज और भाजपा नेता अनिल श्रीवास्तव पीपरा ने अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई .

खनिजों के अवैध परिवहन पर उड़नदस्ता की कार्रवाई, तीन वाहन जब्त

ग्वालियर, 3 जुलाई . जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा गठित उड़नदस्ता लगातार कार्रवाई कर रहा है. इसी क्रम में उड़नदस्ता ने गुरुवार रात्रि एवं आज शुक्रवार दोपहर विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन में संलग्न तीन वाहनों को जब्त किया है.

तान्या मित्तल पर लगे धमकाने के आरोप

फैजान अंसारी ने ग्वालियर एसपी से की शिकायत

ग्वालियर, 3 जुलाई . बिग बॉस में धुरंधरों के बीच धमाल मचाने वाली ग्वालियर की तान्या मित्तल एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार वे मुंबई के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी द्वारा ग्वालियर एसपी ऑफिस में शिकायत के कारण चर्चा में हैं. फैजान ने तान्या पर आरोप लगाया कि तान्या शिकायत वापस लेने के लिए लगातार दबाव बना रही हैं. इसे लेकर फैजान ने एसपी ऑफिस में दूसरी शिकायत और की है. जिसमें फैजान ने पुलिस से जानमाल की सुरक्षा की मांग की है.

फैजान अंसारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक लिखित आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होंने पुलिस से अपनी सुरक्षा की मांग की है. उनका बताया कि पिछले कुछ समय से उन्हें अलग-अलग नंबरों से लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे हैं. इन कॉल में उनसे ग्वालियर में तान्या मित्तल के खिलाफ दर्ज शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है. फैजान ने मीडिया से बातचीत में बताया कि इस विवाद की शुरुआत लगभग छह महीने पहले हुई थी. उनके मुताबिक, उस समय तान्या मित्तल ने मुंबई एयरपोर्ट से बलराज साहनी नामक व्यक्ति को अरेस्ट करवाया था. बलराज और फैजान की परिचित सिम्मी राजपूत ने इस मामले में फैजान से मदद मांगी थी.इसके बाद फैजान ग्वालियर आए और पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए पुलिस में तान्या मित्तल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. फैजान ने बताया कि ग्वालियर पुलिस ने उन्हें पुराने मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 2 जुलाई को बुलाया था. उन्होंने यूनिवर्सिटी थाने में करीब दो घंटे तक अपने बयान दर्ज कराए. थाने से फैजान सीधे एसपी कार्यालय पहुंचे और नई शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पुरानी शिकायत दर्ज कराने के बाद से ही उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है.